Need to increase wages of labourers under MGNREGA and enhance allowances of Gram Pradhans-laid

श्री प्रवीण पटेल (फूलपुर) **:** ग्रामीण विकास मंत्रालय के अधीन वर्ष 2005-06 से मनरेगा कार्यक्रम को क्रियान्वित किया जा रहा है । यह सबसे बड़े रोजगार गारंटीकृत कार्यक्रमों में से एक है । इसके अन्तर्गत प्रत्येक परिवार को कम-से कम 100 दिनों का गारंटीकृत काम प्रदान किया जाता है । जिसके व्यस्क सदस्य स्वेच्छा से स्थानीय क्षेत्र में कार्य करते है । अधिनियम पारित हुए लगभग 19 वर्ष बीत चुके है एवं वर्तमान में औसत मजदूरी रू 289 प्रति दिवस है तथा महगांई भी बढ़ चुकी है । ऐसी स्थिति में रू 289 मजदूरी में रोजमर्रा की चीजों को वहन करना कठिन है । ग्राम प्रधानों की निधि भी आवश्यकतानुसार कम है । मेरा अनुरोध है कि सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए मनेरगा मजदूरी व ग्राम प्रधानों का भत्ता भी बढ़ाया जाए ।